# प्री–बोर्ड परीक्षा– 2023
## कक्षा–12

समय– 3 घण्टा | विषय– हिन्दी | पूर्णांक–100

1. निम्नलिखित में से कोई एक कथन सही हैं उसे पहचान कर लिखिए–

क. डॉ0 सम्पूर्णानंद को 'मंगलाप्रसाद' पुरस्कार प्राप्त हुआ–
1. गणेश पर 2. चिद्विलास पर 3.समाजवाद पर 4. आर्यो का आर्य देश पर

ख. 'बसुधा' पत्रिका का सम्पादन किया था –
1.रायकृष्ण दास ने 2. रामवृक्ष वेनीपुरी ने 3. अज्ञेय ने 4.हरिशंकर परसाई ने

ग. 'निबन्ध' प्रौढ़तम स्तर तक पहुँचा –
1. भारतेन्दु युग में 2. द्विवेदी युग में 3. प्रगतिवादी युग में 4. प्रयोगवादी युग में

घ. संस्मरण विधा की रचना है –
1. दीप जले शंख वजे 2. अरे यायावर रहेगा 3. तब की बात और थी 4. अपनी खबर

ङ आधुनिक काल के प्रारम्भिक डायरी लेखक –
1. घनश्याम दास बिडला 2. त्रिलोचन 3. शमशेर बहादुर 4.बच्चन

2–क. सुमित्रानंदन पंत को ज्ञानपीठ पुरस्कार उनकी किस रचना पर मिला–
1. लोकायतन 2. युगान्त 3. चिदम्बरा 6. कला और बूढ़ा चांद

ख. भक्ति आन्दोलन का श्रेय जाता है –
1.बल्लभाचार्य 2. शंकराचार्य 3. रामानुजाचार्य को 4. निम्बकाचार्य को

ग. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने जिसे वीरगाथा काल कहा, उसे आदिकाल कहा है –
1. राहुल सांकृत्यायन 2. डॉ0 रामकुमार वर्मा 3. हजारी प्रसाद 4.डॉ0 धीरेन्द्र वर्मा

घ. जयशंकर प्रसाद किस वाद से सम्बद्ध है –
1. हाला वाद 2. प्रयोगवाद 3. छायावाद 4. प्रगतिवाद

ङ. विद्यापति कवि हैं –
1.भक्ति काल 2. आदिकाल 3. आधुनिक काल 4.रीतिकाल

3– दिये गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

<u>साहित्य कला, नृत्य, गीत, आमोद–प्रमोद, अनेक रूपों में राष्ट्रीय जन अपने–अपने मानसिक भावों को प्रकट करते हैं। आत्मा का जो विश्वव्यापी आनन्द भाव है, वह इन विविध रूपों साकार होता है।</u> यद्यपि बाह्य रूप की दृष्टि से संस्कृति के ये बाहरी लक्षण अनेक दिखायी पड़ते है, किन्तु आन्तरिक आनन्द की दृष्टि से उनमें एक सूत्रता है। जो व्यक्ति सहृदय है, वह प्रत्येक संस्कृति के आनंद–पक्ष को स्वीकार करता है और उससे आनंदित होता है। इस प्रकार की उदार भावना ही विविध जनों से बने हुए राष्ट्र के लिए स्वास्थ्यकर है।

क. प्रस्तुत पंक्तियों में लेखक ने राष्ट्र के किस स्वरूप पर प्रकाश डाला है?

ख. सहृदय व्यक्ति किसको स्वीकार करते हुए आनंदित होता है?

ग. किन रूपों में राष्ट्रीय जन अपने–अपने मानसिक भावों को प्रकट करते हैं?

घ. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ङ. पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम बताइए ।

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

बैठी खिन्ना यक दिवस वे गेह में थी अकेली। आके आँसू दृग–युगल में थे धरा को भिगोते ।।
आई धीरे इस सदन में पुष्प–सद्गंध को ले।प्रातः वाली सुपवन इसी काल वातायनों से।।
संतापों को विपुल बढ़ता देख के दुःखिता हो।धीरे बोली स–दुःख उससे श्रीमति राधिक यों।।
<u>प्यारी प्रातः पवन इतना क्यों मुझे है सताती ।क्या तू भी है कलुषित हुई काल की क्रूरता से।।</u>

क. राधा ने प्रातः कालीन वायु से दुःखित होकर क्या कहा ?

https://www.upboardonline.com

ख. फूलों की सुगंध से युक्त होकर राधा के घर में किसने प्रवेश किया?
ग. घर में दुःखी होकर एक दिन अकेले कौन बैठा था ?
घ. रेखांकित अंश का भावार्थ लिखिए ।
ड. कविता / पाठ का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए ।

अथवा

कहते आते थे यही अभी नरदेही, माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही।'
अब कहें सभी यह हाय! विरूद्ध विधाता—'है पुत्र पुत्र ही, रहे कुमाता माता।'
बस मैंने इसका बाह्य—मात्र ही देखा, दृढ़ हृदय न देखा, मृदुल गात्र ही देखा।
परमार्थ न देखा, पूर्ण स्वार्थ ही साधा, इस कारण ही तो हाय आज यह बाधा!
युग—युग तक चलती रहे कठोर कहानी—'रघुकुल में भी थी एक अभागिन रानी।'

क. पद्यांश के अनुसार, आज तक लोग क्या कहते आए है?
ख. किसने प्रायश्चित्त किया है कि मैंने पुत्र का कोमल शरीर ही देखा, उसका दृढ़ हृदय नहीं देखा ?
ग. इन पंक्तियों में कैकेयी को किसी बात पर पश्चात्ताप हुआ है ?
घ. रेखाकिंत अंश का भावार्थ लिखिए।
ड. कविता / पाठ का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

5क. निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए । वासुदेवशरण अग्रवाल हजारी प्रसाद द्विवेदी डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम

ख. निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों पर प्रकाश डालिए— मैथिलीशरण गुप्त महादेवी वर्मा रामधारी सिंह 'दिनकर'

6. 'पंचलाइट' अथवा 'ध्रुवयात्रा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'बहादुर' कहानी में से एक का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए—
अ. 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

ब. 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के नायक महात्मा गांधी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

## खण्ड—'ख'

8.क. दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससंदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए

हिन्दी—संस्कृताङ्ग्लाभाषासु अस्य समानः अधिकारः आसीत् । शिक्षयैव देशे समाजे च नवीनः प्रकाशः उदेति अतः श्रीमालवीयः वाराणस्यां काशीहिन्दूविश्वविद्यालयस्य संस्थापनमकरोत्। अस्य निर्माणाय अयं जनान् धनम् अयाचत् जनाश्च महत्यस्मिन् ज्ञानयज्ञे प्रभूतं धनमस्मै प्रायच्छन्, तेन निर्मितोऽयं विशालः विश्वविद्यालयः भारतीयानां दानशीलतायाः श्रीमालवीयस्य यशसः च प्रतिमूर्तिरिव विभाति। साधारणस्थितिकोऽपि जनः महतोत्साहेन मनस्वितया पौरुषेण च असाधारणमपि कार्यं कर्तुं क्षमः इत्यदर्शयत् मनीषिमूर्धन्यः मालवीयः । एतदर्थमेव जनास्तं महामना इत्युपाधिना अभिधातुमारब्धवन्तः। https://www.upboardonline.com

अथवा

अतीते प्रथमकल्पे चतुष्पदाः सिंह राजानमकुर्वन। मत्स्या आनन्दमत्स्यं, शकुनयः सुवर्णहंसम्। तस्य पुनः सुवर्णराजहंसस्य दुहिता हंसपोतिका अतीव रूपवती आसीत्। स तस्यै वरमदात् यत् सा आत्मनश्चित्तरूचितं स्वामिनं वृणुयात् इति। हंसराजः तस्यै वरं दत्वा हिमवति शकुनिसङ्घे संन्यपतत्। नानाप्रकाराः हंसमयूरादयः शकुनिगणाः समागत्य एकस्मिन् महति पाषाणतले संन्यपतन् । हंसराजः आत्मनः चित्तरूचितं स्वामिकम् आगत्य वृणुयात् इति दुहितरमादिदेश ।

ख— दिए गए पद्यांशो / श्लोकों में से किसी एक का ससंदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीर्वाण भारती । तस्या हि मधुंर काव्यं तस्मादपि सुभाषितम् ।।

अथवा

प्रीणाति यः सुचरितैः पितरं स पुत्रो। यद् भर्तुरेव हितमिच्छति तत् कलत्रम् ।।
तन्मित्रमापदि सुखे च समक्रियं यद्। एतत्त्रयं जगति पुण्यकृतो लभन्ते ।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

https://www.upboardonline.com

1. आँखों पर परदा पड़ना		2. कलेजे पर साँप लोटना

3. दूर के ढोल सुहावने		4. लकीर के फकीर ।

10.क निम्नलिखित शब्दों के सन्धि –विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए–

अ. 'मध्वरिः' का सन्धि–विच्छेद है –

1. मध् + वरिः	2.मधु + अरिः	3. म + ध्वरिः	4. मध्व + रिः

ब. 'पवनः' का सन्धि–विच्छेद है –

1.पव + नम्	2. पवन् + अम्	3.पो + अनः	4. पवन + म्

स. 'महर्षि' का सन्धि विच्छेद है –

1. मह + र्षिः	2. म + हर्षिः	3.महा + ऋषिः	4.महा + रिषिः

11.ख निम्नलिखित शब्द की 'विभक्ति' और 'वचन' के सही विकल्प को चुनकर लिखिए–

अ. 'सरिते' में वचन और विभक्ति है –

1. चतुर्थी, एकवचन	2. तृतीया, द्विवचन	3.प्रथमा, एकवचन	4.षष्टी, बहुवचन

ब. 'आत्मने' में वचन और विभक्ति है –

1. द्वितीया, बहुवचन	2. चतुर्थी, एकवचन	3. षष्टी, द्विवचन	4. सप्तमी, द्विवचन

12.क निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए–

अ. अंबुज–अंबुद

1. कमल और बादल		2. जल और कमल

3. बादल और समुद्र		4. समुद्र और कमल

ब. क्षति–क्षिति

1. हानि और लाभ		2. हानि और आकाश

3. आकाश और पृथ्वी		4. हानि और पृथ्वी

12.ख निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो भिन्न–भिन्न अर्थ लिखिए–

1.अर्क	अंक	काल

12.ग निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक 'शब्द' का चयन करके लिखिए–

अ. सबसे पहले गिना जाने वाला

अग्रगण्य	गण्य	अनन्त	अनगिनत

ब. जिसे अपने कर्तव्य का बोध न हो

कुशाग्र बुद्धि		कर्त्तव्यविमूढ़

कृतज्ञ		किंर्त्तव्यविमूढ़

12.घ निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–

वह दंड देने योग्य है।		मैंने रो दिया ।

वह कुर्सी में बैठा है।		एक फूल की माला लाओ।

13.क 'हास्य' अथवा 'शान्त' रस की परिभाषा स्थायीभाव के साथ सोदाहरण लिखिए।

ख. 'श्लेष' अथवा 'भ्रान्तिमान' अलंकार का लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए।

ग. 'सोरठा' अथवा 'कुण्डलिया' छन्द का मात्रा सहित लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए।

14. अपने जिले के जिलाधिकारी के नाम एक पत्र लिखिए, जिसमें उनसे अपने गाँव की सफाई–व्यवस्था ठीक कराने हेतु निवेदन किया गया हो ।

अथवा

सयुक्त शिक्षा निदेशक अधीन सहायक अध्यापक नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए–

साहित्य और समाज		भ्रष्टाचार : कारण और निवारण

इण्टरनेट		महिला सशक्तीकरण

https://www.upboardonline.com